Seventeenth Loksabha

p>

Title: Request to remove the caste of Lambada, Yerukala and Yanadi from ST list.

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): सर, मेरा मुद्दा यह है कि तेलंगाना राज्य के 50-60 हजार आदिवासी लोगों ने दिनांक 9.12.2019 को इधर आ कर मीटिंग की है। मीटिंग में उनकी यह मांग थी कि वर्ष 1976 में इमरजेंसी पीरियड था और उस इमरजेंसी पीरियड में तीन जातियों, लम्बाड़ा, येरूकला और यानादि को एसटी में मिला दिया गया। उनकी मांग थी कि उनको एसटी कैटेगरी से निकाला जाए। हम उनकी मांग को पूरा करने के लिए सरकार से विनती कर रहे हैं। उनको एसटी कैटेगरी में बिना प्रॉसेस के मिलाया गया है। आज आदिवासियों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है, उनको नौकरी मिले, शिक्षा मिले।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि वहां के आदिवासियों के साथ न्याय किया जाए।